हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार

19 अप्रैल 2024, चैत्र शुक्ल पक्ष, एकादशी, विक्रम संवत 2081, बरेली

PAGE NO : 07 MIDDLE

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में विद्या वर्ल्ड ने खिताबी जीत हासिल की।

विद्या वर्ल्ड स्कूल ने जीता इंटर स्कूल टूर्नामेंट

क्रिकेट

बरेली, मुख्य संवाददाता। पंचम श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में विद्या वर्ल्ड स्कूल ने खिताबी जीत हासिल की। गुरुवार को खेले गए फाइनल में मिशन अकादमी ने पहले खेलते हुए 146 रन बनाए। कप्तान असद ने 54 और साहिल यदुवंशी ने 55 रन बनाए।

विद्या वर्ल्ड की टीम ने महज दो विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। लक्ष्य शर्मा ने 13 चौके और तीन छक्कों की मदद से 53 गेंदों पर 98 रनों की शानदारी पारी खेली। कप्तान अमन कुमार ने 37 रन बनाए। लक्ष्य शर्मा को बेस्ट बैट्समैन, असद नदफ को प्लेयर आफ द टूर्नामेंट और सुखप्रीत को बेस्ट बॉलर घोषित किया गया। मुख्य अतिथि भोजीपुरा के विधायक शहजिल इस्लाम, एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति, बीसीए के सचिव सीताराम सक्सेना, ज्वाइंट सेक्रेटरी ओपी कोहली ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।